दैनिक भास्कर 13/12/2024

कार्यशाला में एनालिस्ट कन्सोर्टियम बारे दी जानकारी

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में लाइब्रेरी विभाग द्वारा लाइब्रेरी के ई-रिसोर्सेज बारे जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एनालिस्ट कन्सोर्टियम के बारे जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यशाला लगाई गई। लाइब्रेरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार ने एनालिस्ट कन्सोर्टियम के बारे में बताया कि एन-लिस्ट के अंतर्गत लगभग 6200 से ज्यादा ई-जर्नल्स एवं 2 लाख से ज्यादा ई-बुक्स उपलब्ध हैं। जिनका प्रयोग रिसर्च एवं शिक्षण में किया जा सकता है। कॉलेज के शैक्षणिक विभाग के लगभग 60 सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि एन-लिस्ट ई-संसाधन उपलब्ध कराने का एक अभूतपूर्व माध्यम है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन लाइब्रेरी से जुड़ने में मदद करना है।